हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025

06 सावन सोमवार को उदयपुर में फिर दिखी अव्यवस्था...



08 24 मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 4 घायल





**नागपंचमी आजः** हर साल की तरह इस वर्ष भी नाग पंचमी पर विजय मंदिर में होगी पूजा

# 1991 से लटका तालाः हिन्दू संगठनों ने मांगी विजय मंदिर के अंदर प्रवेश कर पूजा की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

11वीं शताब्दी में निर्मित ऐतिहासिक सूर्य विजय मंदिर का ताला खोलकर अंदर प्रवेश कर पूजा की अनुमति देने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। सोमवार को हिंदू संगठनों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन देकर ताला खोकर पूजा करने की अनुमति मांगी है। नागपंचमी पर प्रतिवर्ष हिंदू संगठनों के लोग यहां पूजा करने जाते हैं। मंदिर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सरंक्षण में है इसलिए पूजा की अनुमति नहीं है। यह मंदिर हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है, लेकिन पिछले कई वर्षों से इसके पट बंद हैं।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे हिउस के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 1991 में शहरवासियों द्वारा इस मंदिर पर पूजा प्रारंभ कर दी गई थी। लेकिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शोध कार्य प्रारंभ किया तो इसके बाद से यह मंदिर उनके संरक्षण में बंद है। समिति ने ज्ञापन में मांग की है कि नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं को मंदिर में पूजा-अर्चना की अनुमति दी जाए। मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए हिंदुओं को सौंपा जाए, जिससे इसका मूल स्वरूप बहाल हो सके।





विदिशा। नाग पंचमी के अवसर पर आज हिंदू संगठनों द्वारा विजय मंदिर पर पहुंचकर की जाएगी पूजा अर्चना। हिंदू उत्सव समिति और युवा संगठन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन।

### यहां देते हैं पट खोलकर पूजा करने की अनुमति

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि धार की भोजशाला, रायसेन किले स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर, तथा जम्मू-कश्मीर स्थित मार्तंड सूर्य मंदिर जैसे उदाहरण हिन्दू समाज की इस मांग को मजबूती प्रदान करते हैं। हिन्दू संगठनों ने प्रशासन से अपील की है कि विदिशा के विजयमंदिर को भी नागपंचमी पर एक दिन के लिए पूजा हेतु खोला जाए। स्थानीय हिन्दू संगठनों ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुरातत्व विभाग से अनुरोध किया है कि आज मंगलवार को नागपंचमी के अवसर पर मंदिर के पट खोले जाएं, ताकि श्रद्धालु परंपरा अनुसार पूजन-अर्चन कर सकें।

### युवाओं ने जमीन पर बैठकर किया प्रदर्शन



शुभम वर्मा और मनोज कौशल ने भी युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट में जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहले पुलिस ने उन्हे समझाइश दी, लेकिन वह नहीं माने इसके बाद एसडीएम क्षितिज शर्मा ने उनसे चर्चा की। इसके बाद भी बात नहीं बनी और युवा ताला खोलने की मांग पर अड़े। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता पहुंचे। तब युवाओं ने उन्हे ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया है कि यदि विजय मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है, तो देश में इसके समान कई उदाहरण मौजूद हैं जहां धार्मिक अवसरों पर पूजा की अनुमति दी जाती है।

### भोईसमाज करता है भाजी रोटी से पूजा

विजय मंदिर नगर के भोई समाज की आस्था का केंद्र है। एएसआई ने इसे अलाइव मानकर पूजा करने से रोक रखा है लेकिन अलाइव मानते समय हकीकत को नजरअंदाज किया गया। इस मंदिर पर नागरपंचमी पर हर साल मेला लगता आया है और भोई समाज भाजी रोटी से अपनी आराध्य देवी की शताब्दियों से करता आ रहा है। लेकिन प्रशासन ने असलीयत पर हमेशा पर्दा डाल रखा है। राजनैतिक स्वार्थों के चलते विजयमंदिर का समाधान नहीं हो पाया है। लेकिन नगरवासियों की आस्था का केंद्र आज भी विजय मंदिर है और सदैव रहेगा।

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी योजनाओं का लाभ लेने करें आवेदन

**विदिशा।** उद्यानिकी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत फसलोत्तर प्रबंधन योजनाओं के आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि फार्म गेट पैक हाउस के लिए 25 लाख, एकीकृत पैक हाउस हेतु 1.60 करोड़, कलेक्शन सेंटर के लिए 3.20 करोड़, कोल्ड स्टोरेज, प्री-कूलिंग, राइपनिंग चेंबर, प्याज-लहसुन भंडारण आदि पर 35 से 50 प्रतिशत तक बैंक एंडेड अनुदान सहायता उपलब्ध है। इच्छुक किसान व उद्यमी अपने विकासखंड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय या पुरानी कलेक्ट्रेट सिविल लाइन स्थित कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

### रोजगार मेले का आयोजन 31 को

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में गुरूवार 31 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है। आईटीआई के प्रिंसिपल ने बताया कि रोजगार मेले में बडोदरा गुजरात की कंपनी के द्वारा फीटर इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन एवं कोपा ट्रेड से आईटीआई किए हुए एवं फायनल ईयर में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने पर कंपनी नेवन सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा चयन किया जाएगा। जिन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा किया जाता है उन्हें पॉलिटिक्निक, इंजीनियरिंग की पढाई भी बिना किसी शुल्क के कंपनी द्वारा कराई जाएगी। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए क्यूआर कोड एवं गूगल लिंक पंजीयन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

### वर्ग विशेष के हितग्राहियों को योजना का लाभ मिले

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित न रहें, बल्कि ओबीसी और जनजातीय वर्ग जैसे लाभार्थियों को सभी विभागों की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने हेतु समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि संबंधित विभाग आपसी सहयोग से जानकारी साझा करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### मुख्यमंत्री संबल योजना का लाभ त्वरित दिलाएं

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के पात्रताधारियों को योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो इसके लिए निकायो व जनपदो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक भी प्रकरण लंबित न रखें। उन्होंने जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि किन-किन शहरों, जनपदों में कब-कब प्रकरण प्रेषित किए गए और अब तक योजना का लाभ आवेदक को प्राप्त हुआ है कि नहीं कि विस्तृत जानकारी तैयार करें और जिन निकायों व जनपदो में प्रकरण लंबित है। उन पर कार्यवाही के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो का विशेष ध्यान रखें।

### 8.4 मिमी वर्षा दर्ज

**विदिशा।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटों में सोमवार 28 जुलाई की सुबह 8 बजे 25.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 586 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 505.7 मिमी हुई थी। सोमवार 22 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा लटेरी तहसील में 24.2 मिमी और सबसे कम विदिशा तहसील में एक मिमी दर्ज हुई है इसके अलावा बासौदा में 2.4 मिमी, कुरवाई में 1.4 मिमी, सिरोंज में 16 मिमी, ग्यारसपुर में आठ मिमी, गुलाबगंज में दो मिमी, शमशाबाद में 20 मिमी तथा पठारी तहसील में चार मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं।

### दो साल से फरार गौ तस्करी का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**विदिशा।** पठारी पुलिस ने गौवंश वध प्रतिषेध और पशु क्रूरता अधिनियम के प्रकरण में दो वर्षों से फरार आरोपी को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने तकनीकी साधनों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। गिरफ्तार आरोपी शाकिर पिता सिकंदर कुरैशी, निवासी भालबामोरा को जयपुर से गिरफ्तार कर विदिशा लाया गया और न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। शाकिर थाना देहात बासौदा एवं जिला रायसेन के अन्य मामलों में भी फरार था।

### नाबालिग को धमकाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने नाबालिग से जुड़े गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बासौदा के निर्देशन में हुई कार्रवाई में मुख्य आरोपी संजय उर्फ संजू कुर्मी पर पाक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराएं लगाई गईं। सह-आरोपी सचिन कुर्मी पर पीड़िता को धमकाने का आरोप है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

## विदिशा जिले के 1595 परिवारों ने अन्य जिलों से और 82 परिवारों ने अन्य राज्यों से लिया राशन

### सरकार की वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का मिल रहा लाभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत हितग्राहियों को देशभर में किसी भी शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने की सुविधा दी जा रही है।

यह योजना प्रवासी श्रमिकों, अस्थायी रूप से स्थानांतरित परिवारों तथा जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

#### अब स्थान बदलने पर राशन की चिंता नहीं

कोई भी व्यक्ति अपने मूल स्थान से दूर रहने की स्थिति में भी राशन से वंचित न रहे। इस सुविधा से लाभान्वित हुए हितग्राहियों ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब हमें राशन के लिए स्थान बदलने की चिंता नहीं करनी पड़ती। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना ने हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है। इस योजना की सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट होता है कि सरकार की यह पहल गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है।

विदिशा जिले के कुल 1595 परिवारों ने मप्र के अन्य जिलों में रहकर वहां से राशन प्राप्त किया, वहीं 82 परिवारों ने अन्य राज्यों में रहकर भी राशन की सुविधा का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त विदिशा जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों से भी अन्य राज्यों के दो परिवारों ने राशन प्राप्त किया है, जिससे योजना के क्रियान्वयन की व्यापकता स्पष्ट होती है। श्री तंतुवाय ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही अपने राशन कार्ड के आधार पर देश के किसी भी हिस्से में शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

### सांडों की लड़ाई में बीच में फंसा मासूम बच्चा

**हरिभूमि न्यूज. लटेरी।** अशोक स्तंभ के पास एक किराना दुकान में दो सांडों की लड़ाई के बीच मासूम बच्चा घायल हो गया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें दिखाई देता है कि सांड आपस में भिड़ते हुए दुकान में घुस गए और वहां बैठे बच्चे को टक्कर मार दी। परिजनों ने तुरंत उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के वक्त दुकान पर ग्राहक मौजूद थे और बच्चा बाहर बैठा था। अचानक सांडों की लड़ाई वहां तक पहुंच गई। इस घटना से नगरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आवारा मवेशियों की अनदेखी अब जानलेवा होती जा रही है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। नगरवासियों ने मवेशियों पर नियंत्रण की मांग की है।

## आबकारी विभाग ने ग्यारसपुर, हैदरगढ़ और अटारी खेजड़ा की दुकानों पर छापामार कार्रवाई

### एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने की पुष्टी के बाद भी सिर्फ समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री और एमआरपी से अधिक मूल्य वसूली की मिल रही शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को ग्यारसपुर, हैदरगढ़ और अटारीखेजड़ा में स्थित शराब दुकानों पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की।

उपनिरीक्षक सुनील कुमार चौहान और उनकी टीम ने निरीक्षण के दौरान दुकानों पर मौजूद ग्राहकों से सीधे बातचीत कर स्थिति की पड़ताल की। उपनिरीक्षक ने कहा




कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा, ताकि मदिरा माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।अनियमितता मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### 2 युवकों से शराब बरामद की तीसरे को जेल भेजा

टीम को कुछ स्थानों पर एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने की पुष्टि हुई। इसके बाद भी ठेकेदारों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने में कहीं न कहीं मिलीभगत है। निरीक्षण में अंबार और अटारीखेजरा गांव के 2 युवकों के पास से अवैध शराब बरामद की गई। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं नादौर गांव के एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## रोपे गए पौधों की जानकारी जियो टैग फोटो के साथ दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। इसमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, मानव अधिकार आयोग तथा जनसुनवाई से जुड़े लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान हो।

कलेक्टर ने कहा कि हेल्पलाइन का उद्देश्य केवल रेटिंग बढ़ाना नहीं, बल्कि जनता का भरोसा जीतना है।




**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

सभी जिला अधिकारी प्रतिदिन कम से कम पांच आवेदकों से सीधे संवाद करें और समस्याओं का जमीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करें। समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसा कोई मामला शेष न रहे, जिसे मुख्यमंत्री स्तर से उठाना पड़े।

बैठक में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी विभाग पौधरोपण का पूर्ण रिकॉर्ड तैयार करें, जिसमें पौधे लगाने का स्थान, पौधों की प्रजाति, देखरेख की योजना तथा गर्मियों में जलप्रबंधन की व्यवस्था स्पष्ट हो। साथ ही, प्रत्येक पौधे का जियो टैग सहित फोटो लेकर जिला पंचायत में संग्रहित किया जाए।

### शिवमय हुआ विदिशा

**विदिशा।** सावन सोमवार को विदिशा नगरी शिवभक्ति में डूबी रही। रायपुरा से 11वीं बार निकली कांवड़ यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी से जल भरकर विश्वेश्वर कांच मंदिर में अभिषेक किया। बक्सरिया और गोबरहेला से भी कांवड़ यात्राएं निकलीं। बड़वाले घाट पर पार्थिव शिवलिंग की पूजा और सामूहिक आरती हुई। महिलाएं पारंपरिक वेश में नृत्य करती दिखीं। हर-हर महादेव के जयघोष और डमरू की धुनों से माहौल भक्तिमय हो गया। शिव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने धार्मिकता के साथ सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक परंपरा को भी जीवंत किया। शहर के शिवालयों में श्रावण मास में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विदिशा के विराट ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

### मलेशिया से लौटने पर कोच व समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

**विदिशा।** मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर लौटे विदिशा के विराट मांझी का उनके कोच अतुल जाट व खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। विराट ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंडर-45 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया, जिसमें पूरे एशिया से 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ था। अपने पहले मुकाबले में विराट ने सीरिया के अल मोहम्मद अली को हराकर शानदार शुरुआत की। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के शाहीन अब्दुल्ला से कड़े मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके



बावजूद उनका प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय रहा। कोच अतुल जाट ने इसे विदिशा के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि विराट को विदेश भेजने में नागरिकों के आर्थिक सहयोग ने अहम भूमिका निभाई।

## नशे से दूरी अभियान में कलेक्टर सहित अन्य अफसरों ने ली शपथ



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने अभियान के उद्देश्यों और नशा उन्मूलन से जुड़े बिंदुओं को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान एएसपी चौबे ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से शपथ दोहराई।

## मंदिरों में चोरियों से पुलिस चिंतित, थानों में पुजारियों के साथ बैठकें, दान पेटियों का पैसा बैंकों में जमा करने कहा

### बैठकों में 500 से ज्यादा धर्मगुरु, पुजारी और मंदिर समिति सदस्य शामिल हुए, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। पिछले कुछ समय में कई मंदिरों से दान पेटियों की नकदी, कीमती धार्मिक वस्तुएं और आभूषण चोरी हुए हैं। इन घटनाओं से मंदिर प्रबंधन और स्थानीय पुलिस चिंतित हैं।

लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाया है। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों में मंदिर सुरक्षा पर विशेष बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में 500 से ज्यादा धर्मगुरु, पुजारी और मंदिर समिति सदस्य शामिल हुए। सभी एसडीओपी के नेतृत्व में स्थानीय थानों द्वारा बैठकें संपन्न की गईं। इनमें धार्मिक स्थलों की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठकों के दौरान रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए चौकीदार या पुजारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंदिर समिति को स्थानीय पुलिस को समय-समय पर सुरक्षा संबंधी जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।



#### धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है

पुलिस अधिकारियों ने सभी थानों को एक मानक संचालन प्रक्रिया भी साझा की है। इससे सुरक्षा के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

#### दान पेटियों के पैसे हर रोज बैंक खातों में जमा किए जाएंगे

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश दिया गया है। दान पेटियों को हर दिन खोलकर प्राप्त राशि बैंक खातों में जमा करने को कहा गया है। मंदिर के आभूषणों का उपयोग केवल प्रमुख पर्वों पर करने और अन्य समय पर उन्हें बैंक लॉकर में सुरक्षित रखने का सुझाव दिया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव- 2920
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2520
उच्चतम भाव- 2711
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2301
उच्चतम भाव-2530
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6101
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3481
उच्चतम भाव-3666
धान
न्यूनतम भाव-1761
उच्चतम भाव-2670
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-9600
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7110
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4600
मूंग
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7650
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5500
धनिया
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5800
बटरी
न्यूनतम भाव-3620
उच्चतम भाव-3620
अलसी
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 5007 बोरे उपज की आवक हुई।

# मोतीपुर कार्यशाला में नपाध्यक्ष यादव हुईं शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन एवं प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया और शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का निर्वाहन करते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव बरूराज विधानसभा के मोतीपुर में आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित हुई। जिसमें उन्होंने भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में बरूराज विधायक डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिंह, जिला प्रभारी दिनकर पंडित, जिलाध्यक्ष हरि मोहन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, अजय गुप्ता, जिला महामंत्री प्रभु कुशवाह, उपेंद्र पासवान, सम्राट कुमार, विस प्रभारी नवीन ठाकुर, विस संयोजक विजय तिवारी, विधानसभा विस्तारक भूपेंद्र शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष रिंकू कुशवाह, ममता, जिला प्रवक्ता प्रशांत कुमार शाही, श्याम बाबू कुशवाह सहित सभी 7 मंडलों के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव को बिहार चुनाव में विधान सभा प्रभारी बनाया गया है।

# जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विदिशा में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें जिला अध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत को बनाया गया, जबकि जिले के अन्य पदाधिकारी भी नियुक्त किये गये। जिसमे वीरेंद्र सिंह राजपूत एडवोकेट को तहसील अध्यक्ष, कुरवाई तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान मॉडल, जिला महामंत्री देवेंद्र सिंह राजपूत पटरा, जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत बंटी, उजवेंद्र सिंह चौहान भोरासा को जिला उपाध्यक्ष, वीर बहादुर सिंह राजपूत फूफेर तहसील अध्यक्ष नटेरन सहित पूरे जिले के पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह राजपूत, जगदीप सिंह राजपूत मसूदपुर, बसंत सिंह राजपूत, गनपत सिंह राजपूत पिथौली, प्रवीण प्रताप सिंह जादोन, सतनाम सिंह राजपूत, किशोर सिंह भदौरिया, संतोष सिंह सिसोदिया, विजय सिंह राजपूत निचरोन एवं जिले के करणी सेना एवं राजपूत समाज के सामाजिक गण उपस्थित रहे।

### उदयपुर, गमाखर, त्योंदा गुफा मंदिर में पहुंची सैकडों कांवड़ यात्राएं

# सावन सोमवार को उदयपुर में फिर दिखी अव्यवस्था, श्रद्धालु हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सावन मास के तीसरे सोमवार को नगर सहित आसपास के प्रसिद्ध शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड शिवार्चन के लिए पहुंचने लगी थी। इस अवसर पर उदयपुर, गमाखर और त्योंदा के शिव गुफा मंदिर में सैकडों कांवड यात्राओं के साथ बडी संख्या में कांवडियों ने अपने साथ लाए जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस अवसर पर ग्राम उदयपुर में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई थी।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ही हरिद्वार के मंशादेवी मंदिर में अत्याधिक भीड के कारण जानलेवा हादसा हो चुका है। इसके बावजूद प्रशासन ने शिवालयों में उमडने वाली भीड को नियंत्रित करने और सुरक्षित तरीके से शिवार्चन के पर्याप्त प्रबंध नहीं किए थे। जिससे श्रद्धालुओं और अन्य लोगों को काफी असुविधा उठानी पडी। ज्ञात हो कि श्रावण सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडती है। इनमें भी उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, त्योंदा के शिव गुफा मंदिर और शिवधाम गमाखर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सोमवार को भी उदयपुर में सैकडों कांवड यात्राएं भगवान भोलेनाथ के अभिषेक के लिए पहुंचीं। जहां मुख्य चौराहे पर यातायात अव्यवस्था और फिर मंदिर में मुख्य मंडप में प्रवेश के लिए भीड भाड के कारण श्रद्धालुओं और कांवडियों को परेशान होना पडा। मुख्य चौराहे पर तो भारी वाहनों के कारण बार बार जाम की स्थिति बनती रही। हांलाकि पुलिस बल तैनात रहा और व्यवस्थाएं बनाने का प्रयास करता रहा, लेकिन भारी भीड के कारण बल भी अपर्याप्त साबित हो रहा था। इस अवसर पर बार बार जाम की परेशानी और भारी भीड से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से उदयपुर से पठारी एवं उदयपुर से बासौदा और मुरादपुर रोड के चौड़ीकरण की मांग की है। जिससे आने वाले समय में ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी कोई असुविधा न हो।

उधर श्रावण मास के तीसरे सोमवार को त्यौदा शिव गुफा मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में सुबह करीब 4:00 से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही जिसमें 50 गांव की कांवड यात्राओं सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। कुछ कांवडिए नर्मदा जी से तो कुछ बेतवा नदी से तो कोई बीना नदी से जल लेकर आए थे और भोलेनाथ का अभिषेक किया। कावड़ यात्राओं में नयागांव, मुडरा, रसूलपुर, पिपरिया दौलत हामिदपुर, लगधा, बिसधा, बागरोद, अमारी, परसोरा अन्य गांवों की यात्राएं शामिल रहीं।

# रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जाएगी जन जागरण रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ 12 अगस्त को स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए एवं नशा मुक्त शहर बनाने के लिए जन जागरण रैली का आयोजन करते हुए किया जाएगा। डॉल्फिन स्कूल परिसर में रक्त सेवा समिति द्वारा आयोजित बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित कर यह योजना बनाई गई। जिसमें रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष 12 अगस्त से वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई एवं सभी संस्थाओं से सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में सभी ने सुझाव दिए और जन जागृति के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी योजनाओं की जानकारी संस्थापक राजेश तिवारी ने दी एवं राकेश जैन अध्यक्ष, अनिल दुबे सचिव, शैलेंद्र दीक्षित उपाध्यक्ष, एनएसएस अधिकारी जगा सहित प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बासौदा में 2.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** जिले में इस वर्ष अब तक 586 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। सोमवार को गंजबासौदा में सुबह आठ बजे तक 2.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### कार्यकर्ताओं को मिले नवीन दायित्व



**गंजबासौदा।** विचार वर्ग में महिपाल राजावत द्वारा नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमे सुखजीत सिंह काके एवं चरण सिंह को विभाग सह संयोजक एवं रोहित अग्रवाल, प्रमोद रघुवंशी को जिला सह संयोजक बनाया गया। अर्जुन कुर्मी को त्योंदा तहसील सह संयोजक, मोहन रघुवंशी को बासौदा तहसील का संपर्क प्रमुख बनाया गया। संचालन अंकित पाठक ने एवं आभार परसराम दुबे ने माना।

### सर्व समाज की महिलाओं संग मनाया हरियाली तीज उत्सव



**गंजबासौदा।** हरियाली तीज के अवसर पर साकेत नगर स्थिति बालाजी गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्व समाज की महिलाओं को बुलाकर सामाजिक समरसता के साथ खुशी से यह त्यौहार मनाया गया। एकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, इसके लिए हम महिलाओ ने भी अपने स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए है। हर त्योहार एक जाति तक सीमित न रहकर हर वर्ग साथ में मनाये तो एकता मजबूत होगी। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता हुई, जिनमें अलग अलग थीम में ऋतु यादव, योगिता राजपूत, अनुराधा परमार ने सौंदर्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चेयर रेस में अंजना राजपूत ने प्रथम स्थान पाया। इस अवसर पर अनीता सिंह, सुनीता चौहान, प्रभा राजपूत, मंजू राजपूत, शक्ति परमार, अंजली भदौरिया, प्रिया सोलंकी, मोना सोलंकी, मालती पाल, अंजू यादव, किरन सोलंकी, सारिका अरोरा, प्रीती इंदुलकर, ऋतु शर्मा, रेनू दुबे उपस्थिति थीं। कार्यक्रम का संचालन रंजीता सिंह ने किया एवं आभार मंजू राजपूत ने व्यक्त किया।

# गोशाला परिसर में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री देवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति के अंतर्गत श्री गोपाल कृष्ण गोशाला परिसर में हरियाली तीज के अवसर पर गोशाला के संस्थापक एवं कथावाचक पंडित देवेंद्र भार्गव, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, एसडीएम विजय राय , नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, जनपद में प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, आलोक भार्गव जेलर, राजेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागिरक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एक दर्जन से अधिक नीम, गुलमोहर, पाम, कदम, पारिजात किस्मों के पौधों का रोपण किया गया। विधायक और अन्य अतिथियों द्वारा मुन्ना लाल शास्त्री की मौजूदगी में गौमाता की पूजा कर पौधों को भी तिलक लगाकर पूजन की। इस अवसर पर गोशाला के संस्थापक पंडित देवेंद्र भार्गव ने कहा कि हमारा परम गौरव है कि हम गोमाता की इस सेवाभावी गोशाला में जहां पर बहुसंख्यक गौ माता बिराजती है। जिनका कोई सहारा नहीं है, ऐसी गोमाताओं की सेवा की जाती है, ऐसी गोशाला में पौधे लगाकर हरियाली कर, उन्हें उन्हीं के लिए जंगल जैसा माहौल प्रदान कर पाएं जिससे वो यहां वहां विचरते समय पेड़ों की छांव में बैठ सकें। विधायक एवं एसडीएम सभी अतिथियों ने पूरी गौशाला का भ्रमण किया। विधायक रघुवंशी एवं एसडीएम राय ने गोशाला की स्वच्छता एवं सेवा से प्रभावित होकर बहुत ही सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, रामनारायण पलोड़, किशन अग्रवाल, नरेंद्र राजपूत खड़ेर, पवन रिछारिया, गगन दुबे, पंचतत्व के सदस्य प्रमोद सिंह राजपूत, धर्मेंद्र रघुवंशी सरपंच फतेहपुर, खुमान सिंह रघुवंशी, राजेंद्र रघुवंशी, राजेंद्र व्यास , शैलेन्द्र जैन बड़कुल, जसवंत रघुवंशी, शैलेन्द्र यादव, सोनू बड़कुल, कृष्ण गोपाल दुबे,भूपेंद्र ठाकुर, चेतन पाठक, आयुष पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड जिला संघ की संगोष्ठी आयोजित




**गंजबासौदा।** गत दिवस भारत स्काउट गाइड जिला संघ विदिशा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सभागार में विकास खंड स्तरीय संस्था प्रधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल सिंह भदोरिया वरिष्ठ लीडर ट्रेनर मुख्य अतिथि के रूप में, हरिहर चतुर्वेदी जिला सचिव कार्यक्रम अध्यक्ष, अनीता सोनवाने डीओसी, दिव्या राठौर सदस्य जिला संघ, उत्कृष्ट प्राचार्य एमसी शर्मा, प्राचार्य संजीव टंडन, विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य तथा नवांकुर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित और डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशाल सिंह भदौरिया ने स्काउट गाइड दल संचालन में संस्था प्रधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। हरिहर चतुर्वेदी ने स्काउट गाइड के इतिहास और समाज में स्काउट गाइड की महत्ता पर विस्तार से समझाया। अनीता सोनवानी ने स्काउट गाइड दल संचालन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में बताते हुए दल संचालन के लिए प्रेरित किया। आयोजन में स्काउट के क्षेत्र में सक्रिय और उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यालयों के प्राचार्य का सम्मान किया गया।

### भारत को भी स्वदेशी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करना पड़ेगा

# स्वदेशी जागरण मंच का विचार व प्रिशक्षण वर्ग संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान का जिला विचार एवम प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन परिणय गार्डन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस विचार वर्ग में केशव दुबौलिया क्षेत्र संगठक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, रामकिशोर अग्रवाल, जिला सहसंघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन, एसएटीआई कॉलेज के संचालक योगेंद्र कुमार जैन, उद्योगपति दुष्यंत जैन, नपा पूर्व अध्यक्ष ज्योति शाह एवं स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे। इस विचार वर्ग को संबोधित करते हुए केशव दुबौलिया ने कहा दुनिया के सभी देश स्वदेशी के बल पर खड़े हुए हैं भारत को भी स्वदेशी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करना पड़ेगा। जनमानस में देश में बने उत्पादों का उपयोग करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जन जागरण अभियान चलाया जा रहे है, जिससे देश के लोगों में स्वदेशी के प्रति भाव निर्मित हो, भारत की बेरोजगारी के संदर्भ में उन्होंने कहा देश में 37 करोड़ युवा बेरोजगार हैं भारत में कोई भी सरकार आ जाए। इस बेरोजगारी की समस्या को हल नहीं कर सकती युवाओं को शिक्षा पाकर नौकरी करने का विचार त्यागना होगा और उद्यमिता का विचार मन में लाना पड़ेगा। जिससे बहे स्वयं तो रोजगार से लगेंगे ही साथ में अन्य कई लोगों को रोजगार उपलब्ध करा पाएंगे, सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ आज के युवा ले सकते हैं। एसएटीआई कॉलेज के संचालक योगेंद्र कुमार जैन ने कहा भारत युवाओं का देश है और दुनिया में सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत में है। युवाओं को पढ़ते-पढ़ते स्किल डेवलपमेंट अति आवश्यक है। उद्योगपति दुष्यंत जैन ने अपने उद्बोधन में कहा हम स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा दें अमेरिका द्वारा जो टैरिफ बार की घोषणा की है जिसमें हमारे उत्पादों पर 10% से लेकर 26% तक टैरिफ लगाया गया है जिससे हमारा निर्यात प्रभावित होगा। स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में हम स्वदेशी तकनीक के बल पर जीते और चार दिन में हमने युद्ध को समाप्त किया आज पूरी दुनिया हमारे युद्ध कौशल का लोहा मान रही है। स्वदेशी एवं स्वावलंबन के बल पर हम देश को दुनिया की अगली पंक्ति में खड़ा कर सकते हैं, ज्योति शाह ने अपने उद्बोधन में कहा महिलाएं जब भी अपने घर का राशन सामान बाजार लेने जाएं तो स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी पत्रक में से स्वदेशी उत्पाद को ही लाने के लिए संकल्पित हों। इस विचार वर्ग का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र के रूप में रहा, द्वितीय सत्र चर्चात्मक सत्र रहा जिसमें विदिशा जिले के सभी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। तृतीय सत्र समापन सत्र मैं स्वदेशी जागरण स्वावलंबी भारत अभियान कार्यकर्ताओं की कार्य पद्धति एवं जनमानस तक स्वदेशी विचार को पहुंचाने के लिए योजनाएं तैयार की। यहां स्वदेशी वस्तुओं का स्टाल एवं स्वदेशी पुस्तकों की दुकान भी लगाई गई। इस जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को जिले के कई संगठनों के दायित्व भी सौंपे गए। इस आयोजन में कार्यकर्ता, उद्यमी, व्यापारी, समाजसेवी एवं स्वदेशी जागरण मंच के नगर जिला एवं तहसील स्तर के समस्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# गिरिराज उत्सव प्रिया महिला मंडल ने हरियाली तीज पर मनाया हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गिर्राज उत्सव प्रिया महिला मंडल ने हरियाली तीज के अवसर पर मील रोड स्थित माता मंदिर में हरियाली महोत्सव पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। साधना यादव और रेनू गुप्ता ने बताया कि सावन, उमंग उत्साह व उल्लास का महीना है। खेत खलियानों से लेकर बाग बगीचों तक में फैली हरियाली मन को प्रफुल्लित कर देती है। बड़े तीज त्यौहार की शुरुआत भी इस धार्मिक आयोजन वाले इस इसी महीने से मानी जाती है। लोग भगवान शंकर व माता पार्वती की पूजा अर्चना में लीन रहते हैं।

इस महीने को सामाजिक व पारिवारिक मेल मिलाप का महीना भी माना जाता है। सावन में झूले मेल मिलाप के बीच उत्साह व उमंग का प्रतीक माना जाता है। गांव में अभी भी झूलों पर मस्ती खूब देखने को मिल रही है। सावन के गीतों के बीच झूलों पर मनोरंजन और त्योहारों के बहाने सखी सहेलियां के बीच मेल मिलाप धार्मिक आयोजन के माहौल को और भी उत्साहित व उल्लासपूर्ण बना रहे हैं। इस अवसर पर माता मंदिर को हरे रंग के फूल और पत्तों से बड़े ही भव्य रुप से सजाया गया। महिला मंडल की सभी महिलाएं हरे रंग के वस्त्र धारण कर, हरे रंग का श्रृंगार कर, आयोजन में शामिल हुई। तीज माता को भी हरे रंग से सजाया गया। सभी महिलाओं ने तीज माता की पूजा अर्चना कर, भजन गाकर, जमकर नृत्य किए।

**आवश्यकता है**
**सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है।**
**योग्य व्यक्ति संपर्क करे**
पताः- सिटी सेंटर कॉलोनी, पचमा बाईपास रोड गंज बासौदा
मोबाइल नंबरः- 9479915485,6261117207

### बीच सड़क पर मवेशियों का मजमा, जिम्मेरों के मौन से बढ़ रहा सड़क हादसों का ग्राफ

# स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका ने ट्रक ओवरटेक किया, ट्रक ने रोंद दिया, शिक्षिका की मौके पर मौत

## नदी पार करते समय बहे तीन लोग चौकीदार ने काफी मशक्कत कर दो को बचाया, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के मुख्य मार्गो पर यदि देखा जाए तो विगत कुछ माह से सडक हादसो की संख्या बडती है। आए दिन कोई न कोई व्यक्ति सड़क हादसो का शिकार होकर अपनी जान गवा रहा है। इसका एक मुख्य कारण है बारिश के मौसम में अवारा मवेशियो का सडको पर बैठना। सड़क पर अवारा मवेशियो के बैठने के चलते वाहन चालक अनियत्रित होकर सीधा जाकर गाय से टकरा जाता है। जिसके चलते गाय तो घायल होती है साथ ही वाहन चालक भी घायल हो जाते है। सिरोंज क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाओं के शिकार लोगो की संख्या की बात की जाए तो विगत माह में यह संख्या दो दर्जन से भी ऊपर पहुच गई है। लेकिन फिर भी शासन प्रशासन द्वारा इन हादसो को रोकने के लिए कोई भी कदम नही उठाया गया। इसी के साथ मुख्य मार्गो पर अवारा कुत्तो की बैठे रहने के चलते यह कुत्ते वाहने के पीछे दौडते है। तो वही कुत्तो के भौकने के चलते वाहन चालक भबडा जाते है और कई बार वाहन अनियत्रित हो जाते और चालक हादसे का शिकार हो जाते है।

### बारिश बन गई स्कूल पढ़ाने जा रही शिक्षिका की हुई मौत



नगर के आरोन रोड स्थित पुराने पुल के समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला। जहां एक निजी स्कूल की शिक्षिका जैसे ही अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली और आरोन रोड पुराने पुल के पास जैसे ही शिक्षिका ने ट्रक को ओवरटेक करकर आगे निकलने का प्रयास किया वैसे ही शिक्षिका की स्कूटरी का टायर स्लीप होने के कारण शिक्षिका ट्रक के नीचे आ गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तो वही स्कूटी पर बैठी दोसरी शिक्षिका गाडी स्लीप होने के कारण सडक के किनारे जा गिरी जिस कारण उनकी जान बच सकी। तो वही मौके पर मौजूद नागरिको ने बताया कि बीच सडक पर गाय बैठी होने के कारण जैसे ही शिक्षिकाओ ने अपनी स्कूटी आगे निकालने का प्रयास किया तो ट्रक को ओवरटेक करते समय स्कूटी फिसल गई और इसी बीच ट्रक स्कूटी पर चढ गया। जिसके चलते हादसा हुआ। वही जानकारी मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने ट्राले को जप्त कर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया।



### *नदी पार करते समय पानी में बहे युवक की मौत*

*ग्राम पिपहिया हाट में नदी का पानी रपटे पर आ जाने के बाद तीन युवक मोटरसाइकिल निकालने की कोशिश में बह गए। मिली जानकारी अनुसार रपटे पर पानी आने के बाद चौकीदार व अन्य लोगों ने प्रातः रास्ता बंद कर दिया था, लेकिन एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर मना करने के बावजूद भी निकलने की कोशिश करने लगें। जैसे ही युवक पुलिया के बीच में आए तो पानी का बहाब तेज होने के कारण तीनो युवक नदी में बह गए। तो वही ग्राम के चौकीदार ने तीनो युवको को बहता देखा तो उसने एक युवक के साथ काफी मशक्कत कर दो युवको को नदी से निकाला। लेकिन तीसरा युवक नदी का तेज बहाब होने बह गया। जैसे ही युवकी नदी में बहने की सूचना स्थानीय प्रशासन को लगी तो एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीदार संजय चौरसिया,थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह डावर मौके पर पहुचें और काफी देर तक युवक की तलाश करने पर युवक का शव झाडियो में फंसा मिला। पुलिस में उक्त मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। तो वही ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की रात यह तीनों युवक गांव में एक धार्मिक आयोजन में आए थे। जाते समय रास्ते पर नदी का बहाव कम था जिसके कारण यह सुरक्षित निकल गए। लेकिन वापस लौटते समय नदी का बहाव तेज होने के कारण यह लोग निकालने की कोशिश करते समय बह गए।*

### सबसे ज्याद भर रहे टैक्स

## ओसवाल सम्मेलन में मुथा, भंसाली और राणावत किए गए सम्मानित



**सिरोंज**। देश का सबसे धनिष्ठ ओसवाल समाज है, सब से ज़्यादा टैक्स भरने वाला समाज, लेकिन अब ओसवाल भाईयों से मेरा सवाल है की देश में हमारा अस्तित्व क्या है। देश में बढ़ती हिंसा की चिंता करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि हार्दिक हुंडिया ने कहा कि देश का बुद्धिशाली, देश के हर दुःख, हर तकलीफ़ में तन, मन और धन से खड़ा रहने वाला हमारा ओसवाल समाज है और ऐसे समाज की एकता के लिये एक वरिष्ठ पत्रकार जगदीश मेहता रात दिन मेहनत कर वह काम कर रहा है जो काम समाज के अग्रणियों को करना चाहिये। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि आज देश का ओसवाल समाज इतना सक्षम है की ओसवाल रत्न सम्मान समारोह देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होना चाहिए। समारोह के अध्यक्ष गौतम बालर ने कहा कि हम सब को अब एकता दिखानी पड़ेगी और इसलिये हमारा अगला कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हो। जगदीश मेहता ने कहा कि समाज एक हो ऐसी ही उच्च भावनाओं के साथ मैं यह कार्यक्रम कर रहा हूं। ओसवाल भाईयों के लिये जो भी अनमोल कार्य करते है, उनको चार चाँद लगाने का काम जगदीश मेहता करते हैं। नाकोड़ा तीर्थ ट्रस्ट के चेयरमेन रमेश मुथा,मेटल बाज़ार की संस्था के अध्यक्ष चंदनमल भंशाली,उद्योगपति फतेहचंद राणावत को देश के ओसवाल समाज के प्रतिष्ठित महानुभावों की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ ओसवाल रत्न से सम्मानित किया गया। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी किसी कारणवश नहीं आ सके लेकिन उन्होंने जगदीश मेहता को ओसवाल समाज की एकता के आयोजन हेतू हार्दिक बधाई दी। इसमें इंदर राणावत,कांती जैन, माणेक मेहता, भरत परमार, माणेक जैन, गणपत कोठारी जैसे कई महानुभाव उपस्थित रहे। जगदीश मेहता ने बताया कि प्रेरणा स्व. घीसूलालजी बदामिया से मिली है और आज पत्रकार जगत में मैने जो भी मुकाम पाया है वो मेरे बड़े भाई हार्दिक हुंडिया के मार्गदर्शन से हुआ है।

## ईशान इंटरनेशनल स्कूल के संचालक अक्षत को ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ईशान इंटरनेशनल स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम जीएसएलसी द्वारा शिक्षा में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पशुपालन मत्स्य एवं पचायती राज मंत्री केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। ईशान इंटरनेशनल स्कूल के संचालक अक्षत गर्ग ने इस सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए जीएसएलसी का आभार व्यक्त किया और इसे गौरवान्वित करने वाला क्षण बताया। यह पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति स्कूल के समर्पण और नवोन्मेषी एवं छात्र-केंद्रित पद्धतियों के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थियों को तैयार करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उक्त कार्यक्रम आगरा के होटल जेपी पैलेस में त्रि दिवसीय सेमिनार के रूप में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों ने सहभागिता की।



### समाजजन पहले से कर रहे मांग, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## वक्फ संपत्ति संरक्षण मांग के लिए प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा आवेदन

**सिरोंज**। तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाजजनों द्वारा मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ सनावर पटेल को दो आवेदन पत्र सौंपे गए। जिसमें उल्लेख किया गया कि तहसील सिरोंज क्षेत्र में वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि पर मस्जिदों की दुकान-मकान पर अवैध कब्जे एवं कब्रिस्तानों और खाली पड़ी भूमि पर दबंग लोगों द्वारा कच्चे एवं पक्के दुकान मकान,गुमटियां और बड़े बड़े गेट लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर दूसरे लोगों को किराए से दिये गए हैं। जिससे स्थानीय कमेटियों एवं वक्फ बोर्ड को हर वर्ष लाखों रुपए के राजस्व हानि हो रही है। वही उन्होने इन स्थानों से अतिक्रमण और सीमांकन कराए जाने की मांग को लेकर स्थानीय प्रशासन को कई बार लिखित आवेदन पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक एक भी आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह सिरोंज में ज़िला कलेक्टर की जनसुनवाई में भी आवेदन दिए गए लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सिरोंज के वार्ड 2 में नहर वाले कब्रिस्तान के नाम से बहुत पुराने कब्रिस्तान मौजूद है और वर्तमान में चालू भी हैं इस कब्रिस्तान में आने-जाने नहर को पार करना पड़ता है मुस्लिम समाजजनों द्वारा लंबे समय से नहर पर पुलिया बनाए जाने की मांग की जा रही है।



## विधानसभा में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने पद्मश्री स्व. रामसहाय पांडे को श्रद्धांजलि दी

**सागर**। मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र जुलाई-अगस्त 2025 आरंभ होने के पहले दिन सदन में कार्यवाही के दौरान सागर के दिवंगत पद्मश्री स्व रामसहाय पांडे को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सदन में कहा कि स्वर्गीय रामसहाय पांडे जी जिन्होंने बुन्देलखण्ड हमारी लोक संस्कृति है, लोक परम्परा है को न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में लोगों तक पहुँचाने का काम किया। पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का बहुत हृदय से अभिनंन्दन करना चाहता हूँ कि उन्होंने बुन्देलखण्ड के स्वर्गीय रामसहाय जी की लोक कला का सम्मान करते हुए उनको 'पद्मश्री' से अलंकृत किया था। स्व. पांडे जी की लोक कला के प्रति इतनी प्रतिबद्धता थी कि वह 90 वर्ष की आयु में भी जिस तरह से अपनी लोक कला की प्रस्तुति करते थे, तो सारे लोग अचंभित रह जाते थे। निश्चित रूप से उनकी लोक कला को हम सब प्रणाम करते हैं, उनके चरणों में प्रणाम करते हैं। सागर के होने के नाते हम सबको उन पर गर्व है, इसलिए मैं अपनी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।



## हरियाली तीज नवांकुर सखी गढाकोटा की हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन

**गढाकोटा**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रहली विकासखंड के गढाकोटा नगर में हरियाली तीज पर नवाकुँर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चदौला के सुनील कुमार पांडे के द्वारा नवाकुँर सखी गढाकोटा में हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अंजलि पाठक द्वारा बताया गया कि नवाकुँर सखियां 11 बीज रोपित एवं अँकुरित पौधे रोपित थैलियो के माध्यम से अपने घर की बगिया पौधे विकसित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी एवं हरिनारायण पटेल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की गई।

## वृक्ष होंगे तो भविष्य होगा, पौधे लगाओ जीवन बचाओ : डॉ. प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश द्वारा "जीवनी शक्ति का आधार है पौधरोपण" विषय को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन साथ किया गया। पौधरोपण सप्ताह के अन्त्रगत महिलाओं ने फलदार वृक्ष लगाकर धरती का हम करें श्रृंगार को चरितार्थ किया। इसके उपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हम सभी को देश के अच्छे नागरिक होने का भी कर्तव्य निभाना है, वृक्ष न केवल पृथ्वी का श्रृंगार हैं, बल्कि जीवन का आधार भी हैं। हमारी जीवन शक्ति, अर्थात वह ऊर्जा जो हमें जीने, सोचने और कार्य करने की प्रेरणा देती है उसका मूल स्त्रोत यही प्रकृति है, और प्रकृति की आत्मा हैं वृक्ष। आज जिस वायु को हम साँसों में भरते हैं, वह वृक्षों के बिना संभव नहीं। वे ऑक्सीजन प्रदानकरते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वर्षा लाते हैं।



### आज विजय मंदिर पर होगा दंगल

हरिभूमि न्यूज विदिशा। महाकाल अखाड़ा छाल दिवाली के उस्ताद खेमचंद अहिरवार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस साल भी नाम पंचमी के अवसर पर आज मंगलवार को शाम 4 बजे से विजय मंदिर में भारतीय कुश्ती कला के नियमों के अनुसार दंगल कराया जाएगा। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी पहलवानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बाल अधिकार आयोग के सदस्यों का चार दिवसीय सागर संभाग प्रवास

**सागर**। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य 31 जुलाई से 1 अगस्त तक सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे।

### जबलपुर के धुंआधार से जल लाए कावड़िया



**कस्वा बागरोद**। ग्राम बूढ़ी बागरोद के कावड़िए एक हफ्ते पहले जबलपुर के धुंआधार से जल भरकर निकले थे। सोमवार को वह बूढ़ी बागरोद पहुंचे। जहां ग्राम के शिव मंदिर में अभिषेक किया। ग्रामीणों द्वारा कावड़ियों का 15 किमी पहले से ही गाजे बाजे के साथ जगह- जगह स्वागत किया। कावड़ियों का सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक ग्राम में प्रवेश कराया।

### कांवड यात्रियों का किया ग्रामीणों ने स्वागत

**कस्वा बागरोद**। गांव के युवा बोरास घाट से मां नर्मदा का जल लाकर भगवान का जलाभिषेक करते हैं। इस वर्ष भी गांव के गुड्डू कुर्मी, रामू कुर्मी, शिवम चौबे, चंदन यादव, मोहित दांगी, गजराज सिंह लोधी, कार्तिक यादव, मचल सेन, बसंत यादव, ऋतिक सेन आदि गुरुवार को ग्राम से बोरास के लिए निकले। वहां से कावड़ों मे जल भरकर 4 दिन की पैदल यात्रा पूरी कर कस्वा बागरोद पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने सभी कावड यात्रियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव, त्रिलोक सिंह दांगी, मोहित कानूनगो, राकेश व्यास, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप व्यास, प्रह्लाद सिंह राजपूत दीपक यादव, ब्रजेश पटेल, खुमान यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भारत भ्रमण पर निकले दिवाकर कुरवाई पहुंचे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष से मिले

**कुरवाई**। कर्नाटक के बेंगलौर से स्कूटर से भारत भ्रमण पर निकले दिवाकर रेड्डी ने कुरवाई में नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष रेखा जगदीश साहू से भेंट की। देश के समस्त 806 जिलों की यात्रा पर निकले रेड्डी ने बताया कि लगभग 3 वर्ष मे यह अभियान पूरा होगा। यह अभियान गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे दर्ज होने के लिए आवेदन किया गया है। समस्त जिला के प्रमाणपत्र के पत्र के साथ वह अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। इस अभियान पर लगभग 10 लाख रुपए व्यय होंगे। कुरवाई में जगदीश साहू ने उनके लिए साहू धर्मशाला में रात्रि रुकने की व्यवस्था की। इसके पश्चात पर सुबह बीना में सिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर पी. डी. साहू एवं डॉ जयश्री साहू के यहां पहुंच कर सौजन्य भेंट कर सागर के लिए प्रस्थान कर गए।




## आधार कार्ड के लिए छात्र व अभिभावक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। ताकि 5 से 7 और 15 से 17 साल के बच्चों के आधार कार्ड अपडेट किए जा सकें। शासन द्वारा संकुल केन्द्र स्तर पर दो दिन का शिविर लगाकर छात्र छात्राओं के आधार कार्ड में अपडेट सहित नए आधार बनाए जा रहे हैं लेकिन इन शिविरों में छात्र छात्राएं परेशान हो रहे हैं। सर्वरडाउन होने व लाइट की आवाजाही के चलते आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं।

सोमवार को पीएमश्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में शिविर लगाया गया। जिसमें गांव-गांव से अपने अविभावकों के साथ बच्चे 10 बजे पहुंच जाते हैं। आधार कार्ड बनाने बाला 12 बजे आया वर्षा होने के कारण लाइट आती जाती रही व सर्वर भी डाउन रहा। जिसके कारण 100 से अधिक बच्चे आसपास के गांव से आए थे। जिनमें 4 आधार कार्ड नए बनाए गए। 12 संशोधित किए गए। वहीं 9 बच्चों के दस्तावेज में त्रुटि के चलते रिजेक्ट हो गए। दिनभर में 100 में से 25 बच्चों का नंबर आया।

75 छात्र-छात्राएं दिनभर परेशान हो कर वापस लौट गए। अभिभावक कुलदीप रत्नाकर ने का कहना है कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए शिविर को एक सप्ताह तक लगाना चाहिए दोपहर 12 बजे से इंतजार करते रहे फिर भी 5 बजे तक नंबर नहीं आया। आधार कार्ड केंद्र संचालक हेत सिंह रघुवंशी ने बताया कि आधार कार्ड बनाने मशीन को नटेरन से लाए हैं। सुबह 10 बजे के बाद सिंक होने के बाद ओटीपी आता है फिर मशीन चालू होती है। सर्वर, लाइट की समस्या के कारण परेशानी हो रही है।




### समस्या आ रही

कक्षा 9 से 12 तक की 100 से अधिक छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट होना है, शिविर में लाइट,सर्वर की समस्या के चलते नहीं बन पाए। संकुल केंद्र अंतर्गत 500 से अधिक छात्रों के आधार कार्ड अपडेट व नए बनना है। **-संजेश किरार** प्राचार्य पीएमश्री कन्या हासे स्कूल

# बरसते पानी में बम बम भोले के जयकारों से गूंजा ग्यारसपुर

### 130 कावड़ियों का जत्था बोरास घाट से जल लेकर 140 किमी की यात्रा कर ग्यारसपुर लौटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

सावन माह की श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत परंपराओं के बीच ग्यारसपुर नगर बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।

मानसरोवर कावड़ यात्रा संचालन समिति के तत्वावधान में इस वर्ष 11वीं बार निकाली गई कावड़ यात्रा में 130 कावड़ियों का जत्था बोरास घाट से मां नर्मदा का पावन जल लेकर लगभग 140 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ग्यारसपुर नगर पहुंचा। 24 जुलाई से यात्रा प्रारंभ हुई थी 28 जुलाई को मानसरोवर धाम पहुंची नगर में प्रवेश के साथ ही बारिश के बीच भी श्रद्धा की बेमिसाल छवि देखने को मिली। नगरवासियों और ग्रामीण जनों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर फूलों, खीर, केले व जलपान से कावड़ियों का भव्य स्वागत किया।

बामूरा मोहल्ला में मोहल्ले की महिलाओं एवं मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने भी स्वागत किया ,बस स्टैंड पर जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, सरपंच राजू कुशवाहा जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी और श्रद्धालुओं के द्वारा जेसीबी मशीन से कावड़ियों के ऊपर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। पूरा ग्यारसपुर नगर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मानसरोवर धाम स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।भारी बारिश के बावजूद कावड़ियों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बनती थी। आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक चेतना को मजबूत किया, बल्कि समाज में एकजुटता और सेवा भाव का संदेश भी दिया।



# मजदूरी करके विदिशा से जा रहे थे दमोह

# 24 मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मजदूरों से भरा पिकअप वाहन सियरमऊ घाटी पर पलट गया। वाहन पलटने से चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने धायलो को अस्पताल पहुचाया। इस हादसे में 4 मजदूरो को चोट आई। वाहन में 24 मजदूर सवार थे।

जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन नंबर एमपी 20-जीबी-4290 जो कि गोरे लाल पटेल निवासी ग्राम सिमारिया जिला दमोह का होना बताया जा रहा है। बिदिशा से मजदूरो को लेकर दमोह जा रहा था। कि स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सियरमऊ घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन के पलटने से मजदूरो में चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना तत्काल ही सिलवानी पुलिस को दी गई। मतौके पर पहुंची पुलिस ने टोल प्लाजा की एम्बुलेंस की मदद से धायलो को सिविल अस्पताल उपचार हेतु पहुंचाया। जहां पर उनका उपचार किया गया ।

### यह हुए घायल

हादसे में 25 वर्षीय फूला गोड़ निवासी माला, 13 वर्षीय रश्मि ग्राम सिमारिया, 35 वर्षीय रोशनी निवासी सिमारिया तथा 35 वर्षीय रमेश आदिवासी निवासी सिमारिया घायल हो गए। जिनका इलाज सिलवानी में चल रहा है।



### मजदूरी करने के लिए गए थे विदिशा

बताया जा रहा है कि दमोह जिले के ग्राम सिमारिया निवासी मजदूर पिकअप वाहन में सवार होकर मजदूरी करने विदिशा जिले के ग्राम सुकर्रा गए थे, जहां से सभी मजदूर वाहन में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। वाहन में 24 मजदूर सवार थे। विदिशा से सिलवानी होते हुए दमोह जा रहे थे कि सोमवार दोपहर के समय सियरमऊ घाटी पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## यात्री बस व बाइक की आमने सामने की भिड़ंत, एक घायल

**सिलवानी।** स्टेट हाइवे 44 पर यात्री बस व बाइक की आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

जानकारी के अनुसार विदिशा से सिलवानी होते हुए बौरास जा रही शक्ति ट्रांसपोर्ट की बस क्रमांक एमपी 40 पी 0324 ने सोमवार को सुबह करीब 11 बजे मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम धनगवां के पास उदयपुरा से सिलवानी आ रहे बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल का उपचार किया गया। घायल का नाम दीपांशु पिता राकेश भांबाला आयु करीब 21 साल निवासी हरियाणा बताया जा रहा है।

## दरगाह से सेंडोरा बायपास तक सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** शहर के नागरिकों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी कि दरगाह शरीफ से सेंडोरा बायपास तक सड़क निर्माण किया जाए। अब यह जनहित की मांग अब पूरी होने जा रही है।

विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के सतत प्रयासों से पीडब्ल्यूडी द्वारा इस सड़क के बीटी नवीनीकरण के लिए लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। डॉ. चौधरी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह से भेंट की थी, जिसके बाद विभाग को तत्काल निर्देश जारी किए। इस कार्य के टेंडर जारी कर दिए हैं, बारिश समाप्त होते ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस सौगात के लिए नागरिकों ने डॉ चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### भूतेश्वर धाम में मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**बाड़ी।** श्रीमद् भागवत कथा चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव लीला प्रसंग की प्रस्तुति विद्वान पं. कथा व्यास महेश प्रसाद शर्मा ने भगवान श्री कृष्णा के जन्म पर आधारित उनके जीवन आदर्श पर मनमोहक प्रस्तुति का चित्रण किया। भूतेश्वर धाम नंदगांव के रूप में भक्ति भाव में डूब गया। हर एक व्यक्ति नर और नारी भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उत्सव में शामिल हुआ। इस कथा का मनमोहक वर्णन किया गया। हर कोई भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव में शामिल होने को व्याकुल था जैसे ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा प्रारंभ हुई पूरा पंडाल श्री कृष्ण के जयकारो से गूंज पड़ा।

### किरार क्षत्रिय समाज मंदिर ट्रस्ट की हुई बैठक



**बरेली।** अ.भा. किरार क्षत्रिय समाज का अयोध्या में मंदिर एवं धर्मशाला है, जिसका संचालन किरार समाज के ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। ट्रस्ट के सदस्यों की बैठक धर्मशाला नयाघाट अयोध्या में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से बरेली के जसवंत सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, साहब सिंह, सीताराम धाकड़ भगुआरामपुरा दतिया को उपाध्यक्ष, देवेन्द्र पटैल ग्वालियर को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। ठाकुर के अध्यक्ष चुने जाने पर मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों, अ.भा. किरार क्षत्रिय महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी पटेल, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मकरंद सिंह पटेल, जोधाराम ठाकुर, डीडी धाकड़, पुरूषोत्तम पटेल, साहब सिंह धाकड, मुकेश चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नव नियुक्त को बधाई दी।

### ग्राम बागोद में जब्त खाद जांच में निकली नकली

**रायसेन।** जिले के ग्राम बागोद में विगत 24 जुलाई की रात्रि में डीएपी के नाम से बेची जा रही नकली खाद की 92 बोरियां जप्त की गई थीं तथा खाद के सैंपल लेकर जांच हेतु उर्वरक एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला भोपाल भेजे थे। प्रयोगशाला भोपाल की जांच में जप्त खाद अमानक स्तर की पाई गई। उल्लेखनीय है कि विगत 24 जुलाई को ग्राम बागोद में अमानक खाद जप्त कर सलामतपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

### नागपंचमी पर आज नागों की लगेगी अदालत

**रायसेन।** जिले की तहसील गैरतगंज के पास सिहोरा स्थित प्रसिद्ध राम रसिया दरबार के समीप पर सावन माह में नागपंचमी के अवसर पर शेषनाग के दरबार में नागों की अदालत लगती है। मंदिर के पुजारी अखंडानंद अजब सिंह गुर्जर ने बताया कि इसमें नाग देवता से सताए हुए लोग उपस्थित होंगे अपनी हाजिरी देंगे। लोग 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी पर नागों की अदालत सुबह 8 बजे से शुरू होकर रात 9 बजे तक चलेगी।

Since-1996
Affiliated to M.P. Board
"We do not Teach, We Educate
Dise Code - 23340518828
SHINING PUBLIC HR. SEC. SCHOOL
29 Years of Dedication & Success
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
Class Nursery to 12th
Mathematics
Biology
Commerce



हमारी सुविधायें
- योग्य व अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य।
- बच्चों की इंग्लिश स्पीकिंग का विशेष ध्यान।
- स्मार्ट क्लासेस, इंटरनेट युक्त कम्प्यूटर द्वारा शिक्षण की सुविधा।
- खेल मैदान की सुविधा।
- बच्चों का साप्ताहिक व मासिक टेस्ट।
- ग्रुप, नर्सरी के बच्चों के लिये विशेष शिक्षण व्यवस्था।
- विद्यालय के अतिरिक्त कोई ट्यूशन की आवश्यकता नहीं।
- CCTV युक्त सुरक्षित विद्यालय भवन।
- वाहन सुविधा उपलब्ध।
- छात्रों का सामाजिक एवं व्यवहारिक, संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हमारी प्राथमिकता है।
- समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

Add.: Sagar Road, Raisen (M.P.)-464551 shiningpublicschool@gmail.com
Contact : 9826325048, 9893720089, 7987929389

Dise Code - 23340518891
SHINING MIDDLE SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
Add.: Ward No. 15, Arjun Nagar, Raisen (M.P.)-464551
Contact : 9826325048, 9713135442, 9893720089

समाज सेवा से शिक्षा तक
शिवगोमती जनकल्याण समिति
शिवगोमती मेमोरियल स्कूल, बारला रायसेन (कक्षा 1 से 8वीं तक)
Arambh Play School
A Unit of Shiv Gomti Play School
RAISEN,M.P.
नन्हे कदमों से उज्ज्वल भविष्य की ओर
नर्सरी से 5वीं तक

समाज व मानव कल्याण हेतु समर्पित 'शिव गोमती जन कल्याण समिति' निरंतर विभिन्न मानव सेवा के कार्यों में संलग्न है। शिक्षा को समाज सुधार का मूल स्तंभ मानते हुए समिति ने रायसेन नगर में दो विद्यालयों की स्थापना की है।

इनमें आरंभ प्ले स्कूल विशेष रूप से 2 वर्ष से 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक और गतिविधि आधारित शिक्षण केंद्र बनकर उभरा है। यह विद्यालय प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता, समर्पण और स्नेह का अद्वितीय उदाहरण है।




1. आरंभ प्ले स्कूल, जो प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा प्रदान करता है।

2. शिव गोमती मेमोरियल स्कूल, जो नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।

गतिविधि आधारित शिक्षण का केंद्र : आरंभ प्ले स्कूल में बच्चों को परंपरागत शिक्षा के स्थान पर गतिविधि आधारित शिक्षण दिया जाता है। रंगों, खेलों, गीतों, कहानियों, नाट्य रूपांतरों और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से बच्चे सीखते हैं।

स्पेशल केयर और नर्सरी से प्री-प्रेप तक पूर्ण विकास : 2 साल की नन्ही उम्र से लेकर 6 साल तक के बच्चों के लिए विशेष देखभाल की जाती है। यहाँ बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्पेशल टेकिंग केयर दी जाती है।

पेरेंटिंग में सहयोगी भूमिकाः अभिभावक परामर्श
एक विशेष बात जो आरंभ प्ले स्कूल को अन्य स्कूलों से अलग बनाती है, वह है यहाँ समय - समय पर होने वाला अभिभावक परामर्श (Parent Counselling)

भारतीय परंपराओं के साथ आधुनिकता का संगम
आरंभ प्ले स्कूल में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ा जाता है। जन्मदिवसों से लेकर सभी प्रमुख भारतीय त्योहारों जैसे रक्षाबंधन, दीपावली, होली, गणेश चतुर्थी, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप : आरंभ प्ले स्कूल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की फाउंडेशनल स्टेज के समस्त पहलुओं को ध्यान में रखकर संचालित हो रहा है।

समाज में पहचान और प्रतिष्ठा : आरंभ प्ले स्कूल ने बहुत ही कम समय में शहर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना ली है। यह न केवल एक स्कूल है, बल्कि एक ऐसी संस्था बन गई है जिस पर अभिभावक विश्वास करते हैं।

शिवगोमती जनकल्याण समिति, बारला रायसेन

डॉ राधाकृष्णन मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, रायसेन
एमपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त
हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम
बेहतर शिक्षा के लिए जाना पहचाना नाम




प्राचार्य • मनोज सक्सेना
स्कूल संचालक • जावेद अहमद खान • हरीश सोनी • जितेन्द्र शर्मा

DIS.CODE- 23340518822 ESTD- 1994 School Code 652034
R.G.M. HR. SEC. SCHOOL, RAISEN
(Nursery to 12 th)
English Medium
ADMISSIONS OPEN




Rudransh Patel
2nd Position
In District in Biology
Subjects :
Mathematics
Biology
Commerce
Agriculture
Humanities
Estd. 1994 Celebrating 31 Years Of Excellence
SILENT FEATURES
- C.B.S.E. Pattern.
- Computer Education.
- Bus Facility for urban and rural areas.
- Excellent Result in Board Examination.
- Playground for all sports.
- Highly Qualified, Dedicated and Dynamic Teaching staff.

Add. Arjun Nagar, Raisen (M.P.) | Email-ld.rgmhsrsn@gmail.com
Contact No. 7400534743, 6260954043, 9907211088, 8815133151

School Code : 652039 Since 1990 Affiliated By Govt.
SARAL GYAN MANDIR
HIGHER SECONDARY SCHOOL
SCHOOL ADMISSION OPEN
Class KG 1st to 12th
English & Hindi Medium
Subject
Maths
Biology
Commerce
Arts
Agriculture
35th Years of Dedication & Success
Director
Ashok Shrivastava
+91-9406546503
For More Details Contact
7999447871, 7987095897
9479541113, 9685119114



Ward No. 13 Ashok Nagar, Raisen (M.P.)-464551